VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI
(Academic Session 2026-27)

Date: ________ Class: V Div: A/C/D Roll No: ______ Sub: 2L Hindi
Name: ______________________________________ Worksheet: Revision w.s Ans.keyCh-1,2

कविता १ सतरंगी धूप

❖ **सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए**

क. धूप कहाँ पर मुसकाती है?

उ. झरनों पर

ख. धूप कब सहम जाती है?

उ. सरदी में

❖ **संक्षेप में प्रश्नों के उत्तर –**

i. धूप कब आँखें दिखलाती है?

उ. धूप गरमी के मौसम में आँखें दिखलाती है।

ii. धूप कहाँ पर दुमकते हुए उतरती है?

उ. धूप सागर की चंचल लहरों पर दुमकते हुए उतरती है।

iii. सरसों के पीले फूलों पर धूप कैसी लगती है ?

उ. सरसों के पीले फूलों पर धूप सोनजूही-सी लगती है |

❖ **विस्तार से प्रश्नों के उत्तर –**

i. 'धरती के अँगड़ाई लेने' का अर्थ क्या है?

उ. 'धरती के अँगड़ाई लेने' का अर्थ है कि धरती पर धूप के फैलने के साथ ही सभी प्राणी जग जाते हैं और नई ऊर्जा के साथ अपने-अपने कामों में जुट जाते हैं।

ii. 'गरमी में आँखें दिखलाए' से कवि का क्या तात्पर्य है?

उ. 'गरमी में आँखें दिखलाए' से कवि का तात्पर्य है कि धूप गरमियों में बहुत तीखी और चुभने वाली होती है, जिससे हम उसका सामना करने में असहज महसूस करते हैं।

iii. धूप कब-कब सतरंगी हो जाती है?

उ. धूप मोर के पंखों पर और बरसात के मौसम में सतरंगी हो जाती है। धूप मोर के रंग बिरंगे पंखों पर जब पड़ती है तो वह सतरंगी दिखाई देती है। साथ ही जब बरसात के मौसम में बारिश की बूँदों पर धूप पड़ती है तो वह सतरंगी (इंद्रधनुष) के रूप में दिखती है यानी धूप बारिश की बूँदों और प्रकृति के रंगों के साथ मिलकर अद्भुत दृश्य उत्पन्न करती है।

iv. धरती पर जीवन देने कौन आती है और कैसे?

उ. धरती पर जीवन देने के लिए धूप आती है। यह धरती को गरमी, ऊर्जा और प्रकाश प्रदान करती है, जिससे पौधे, जीव-जंतु और मनुष्य सभी जीवित रहते हैं।

पाठ-२ लाला पटेल की 'लायबरी'

- **सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए-**

i. गाँव में क्या बनाने की तैयारी शुरू हो गई?

उ. लायब्रेरी

ii. केशव भाई कौन थे?

उ. ग्रंथपाल

- **गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

एक दिन केशव भाई का -----------------------------------मैंने भड़काया है |

i. केशव भाई का चेहरा क्यों मुरझाया हुआ था?

उ. केशव भाई को नौकरी से छुट्टी दे दी गई थी इसलिए उनका चेहरा मुरझाया हुआ था।

ii. केशव भाई के गाँव के लड़के क्यों पकड़े गए थे?

उ. केशव भाई के गाँव के लड़के इसलिए पकड़े गए थे क्योंकि वे आजादी की लड़ाई में शामिल हो गए थे।

iii. समानार्थी व विलोम लिखिए- आजादी, जवाब।

उ. समानार्थी - आजादी - स्वतंत्रता; जवाब - उत्तर

विलोम - गुलामी X परतंत्रता; जवाब X सवाल

- **संक्षेप में प्रश्नों के उत्तर –**

i. लाला पटेल कहाँ के रहनेवाले थे?

उ. लाला पटेल गुजरात के रहनेवाले थे।

ii. गाँव में क्या सरकारी फ़रमान आया ?

उ. गाँव में लायब्रेरी बनाने का सरकारी फ़रमान आया |

iii. केशव भाई पर क्या आरोप लगा?

उ. केशव भाई पर लड़कों को भड़काने का आरोप लगा।

iv. केशव भाई के बाद लायब्रेरी चलाने की जिम्मेदारी किसने ली?

उ. केशव भाई के बाद लायब्रेरी चलाने की जिम्मेदारी लाला पटेल ने ली।

- **विस्तार से प्रश्नों के उत्तर –**

i. लायब्रेरी बनने के बाद गाँववालों में क्या परिवर्तन आया?

उ. लायब्रेरी बनने के बाद गाँववाले पढ़ना-लिखना सीखने लगे।

ii. क्या सुनकर लायब्रेरी में जमा लोग परेशान हो गए थे और क्यों?

उ. केशव भाई को सरकार ने नौकरी से छुट्टी दे दी है, यह सुनकर लायब्रेरी में जमा लोग परेशान हो गए थे। वे सोच रहे थे कि अब लायब्रेरी कौन चलाएगा।

iii. लोगों की आँखों में चमक क्यों आ गई?

उ. लोगों की आँखों में चमक इसलिए आ गई क्योंकि लाला पटेल ने लायब्रेरी चलाने का फैसला सुनाया था।

iv. लोगों ने गाँव की लायब्रेरी को लाला पटेल की लायबरी' नाम क्यों दिया?

उ. लाला पटेल ने ही लायब्रेरी के नाम को आगे बढ़ाया था इसलिए लोगों ने गाँव की लायब्रेरी को 'लाला पटेल की लायबरी' नाम दिया।